विधान सभा सचिवालय
मध्य प्रदेश
समाचार

विकसित भारत की नींव रखने वाला बजटः श्री तोमर

भोपाल, 23 जुलाई 2024

मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के लक्ष्य को केंद्र में रखकर केन्द्रीय बजट 2024-25 प्रस्तुत किया गया है। यह जन हितैषी बजट है, जिसमें किसान, युवा, गरीब, महिला, मध्यम वर्ग सभी का ध्यान रखा गया है।

श्री तोमर ने कहा कि कृषि क्षेत्र के लिए लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है। कृषि में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई), 5 राज्यों में जन समर्थ आधारित किसान क्रेडिट कार्ड, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा एवं दलहन तिलहन में आत्मनिर्भरता के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। ग्रामीण विकास के लिए लगभग ढाइ लाख करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। 3 करोड़ प्रधानमंत्री आवास लोगों को मिलेंगे और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का चौथा चरण भी देश में प्रारंभ होगा।

श्री तोमर ने कहा कि यह भारत के भविष्य की नींव रखने वाला बजट है इसके लिए मैं हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को हृदय से धन्यवाद देता हूं। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में अपनी एक नई पहचान कायम करेगा।

विस/जसं/24

नरेंद्र मिश्रा
अवर सचिव